Roll No.........

# बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एण्ड सर्जरी (BAMS)

## आयुर्वेदाचार्य प्रथमवर्ष मुख्य परीक्षा (BAMS I YEAR MAINS)

माह:अगस्त–सितम्बर 2023 (August – Sept. 2023)

सत्र:2021(Batch : 2021)

विषय : संहिता अध्ययन–1

SUBJECT: SAMHITA ADHYAYAN – I

समय : 3 घण्टे — पूर्णांक : 100

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। Note - All questions are compulsory.

प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय एवं रिक्तस्थान पूर्ति वाले प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है।

Ques. no. 1 to 20 are Multiple choice questions / Fill in the blank type questions. Each question carries 01 mark.

**प्र.1.** निम्न में से पुरुषार्थ चतुष्टय में वर्णित नहीं हैं ? **Which of the following is not enumerated in *Purushartha Chatushtaya*?**
A) धर्म / Dharma B) निरर्थ /Nirartha C) काम /Kama D) मोक्ष /Moksha

**प्र.2.** वात दोष के कारण जठराग्नि किस प्रकार की हो जाती है ? **What type of digestive strength is caused by *Vata Dosha*?**
A) विकृत / Vikrut B) प्राकृत /Prakrut C) विषम /Vishama D) तीक्ष्ण /Tikshna

**प्र.3.** व्यायाम के पश्चात कौन का कर्म किया जाता हैं ? **Which procedure is done after *Vyayama*?**
A) स्नेहपान /Snehpana B) मर्दन /Mardan C) भोजन /Bhojana D) स्नान /Bath

**प्र.4.** नवान्न का सेवन किस ऋतु में प्रशस्त है ? **The new grain is advised in which season?**
A) हेमंत /Hemant B) वसन्त /Vasant C) ग्रीष्म /Grishma D) शरद /Sharad

**प्र.5.** "...सर्वेषां वातरोगाणां हेतुतां च प्रपद्यते " भोजन की किस मात्रा का निर्देश करता है ?
**"..*Sarvesham Vataroganam Hetutam Cha Prapadyate* " refers to which quantity of food?**
A) हीन-मात्रा /less quantity B) अति-मात्रा /excess quantity
C) मध्यम मात्रा /medium quantity D) सम- मात्रा /adequate quantity

**प्र.6** "...भूयो भुक्तस्योपरि भोजनम्" किससे सम्बंधित है ? **"..*Bhuyo Bhuktasyopari Bhojanam*" is related to which of the following?**
A) समशन/Samashana B) अध्यशन/Adhyashana C) विषमाशन/Vishamashana D) अजीर्ण/Ajirna

**प्र.7.** "...सौषिर्यलाघवकरम्.." किस महाभूत प्रधान द्रव्यों के कर्म है ?
**Which *Mahabhoot* dominant substances has the action "...*Saushiryalaghavakaram*.." ?**
A) आकाश /Akasha B) वायु /Vayu C) अग्नि /Agni D) जल /Jala

**प्र.8.** कषाय रस का पंचमहाभूत संगठन क्या है ? **What is the *Panchmahabhoota* composition of *Kashaya Rasa*?**
A) वायु +अग्नि / Vayu+ Agni B) वायु +पृथ्वी /Vayu+ Prithvi
C) वायु + आकाश /Vayu+ Akash D) वायु +जल /Vayu+Jala

**प्र.9.** "...क्लेदविधृति:" किस मल का प्राकृत कर्म है ? **"...*Kledavidhritih*" is the natural action of which *Mala*?**
A) पुरीष/Purisha B) मूत्र/Mutra C) स्वेद/Sweda D) उपरोक्त सभी/All of the above

**प्र.10.** "..हृदयस्थमपि व्यापि देहस्थितिनिबन्धनम्" किसके लिए कहा है ?
**"..*hridayasthampi vyapi dehasthitinibandhanam*" is stated for –**
A) अवलम्बक कफ /Avalambak Kapha B) व्यान वायु /Vyan Vayu
C) साधक कफ /Sadhak Kapha D) ओज /Ojas

**प्र.11.** चरक संहिता के सूत्रस्थान को कितने चतुष्क में विभाजित किया गया है ?
**The *Sutrasthan* of *Charaka Samhita* is divided into how many *Chatushkas*?**
A. 8 B. 7 C. 6 D. 4

**प्र.12.** निम्न में से त्रिसूत्र आयुर्वेद का अंग नहीं है ? **Which of the following is not enumerated in *Trisutra* Ayurveda?**
A) हेतु /Hetu B) लक्षण /Lakshan C) चिकित्सा /Chikitsa D) धर्म /Dharma

**प्र.13.** निम्न में आयु का पर्याय नहीं है ? **Which of the following is not a synonym of *Ayu*?**
A) अनुबंध /Anubandha B) नित्यग /Nityag C) जीवित/Jeevita D)प्राण /Pran

**प्र.14.** निम्न में से अभ्यासनीय द्रव्य नहीं है ? **Which of the following should not be used regularly?**
A) यव /Yava B) मधु /Honey C) आवंला /Awanla D) दही/ Curd

**प्र.15.** "......न च वातकफात्मानो बलिनोऽप्यूर्ध्वजत्रुजा:" किस कर्म के लाभ है ?
**"....... *Na Cha Vatakafatmano Balino api urdhvajatrujah*" is the benefit of which procedure?**
A) गंडूष / Gandusha B) धूमपान /Dhoompana C) दातुन /Datum D) अंजन /Anjan

प्र.16. वैद्यवृत्तियों को किस और संज्ञा से जाना जाता है ? *Vaidyavrittyan* **are also known by which noun?**

A) वैद्य गुण /Vaidya Guna B) चिकित्सा गुण/Chikitsa Guna C) ब्राह्मी बुद्धि /Brahmi Buddhi D) चतुष्पाद/Chhatushpada

प्र.17. "...क्रियापथमतिक्रान्तं सर्वमार्गानुसारिणम्.." व्याधि के किस भेद से सम्बंधित है ?

**"...*Kriyapathmatikrantam Sarvamarganusarinam..*" is related to which type of disease?**

A) साध्य /Curable B) कृच्छ्र साध्य/Curable with difficulty C) याप्य /Yapya D) अनुपक्रम/Anupakramya

प्र.18. पुनर्जन्म की सिद्धि में " षड्धातुसमुदयाद्गर्भजन्म " किस प्रमाण का उदाहरण है ?

**To prove the reincarnation, S*shaddhatusamudayadgarbhajanma*" is an example of which evidence?**

A) प्रत्यक्ष /Pratyaksha B) अनुमान /Anumaan C) युक्ति /Yukti D)आप्तोपदेश /Aptopadesha

प्र.19. काल का पर्याय ............है ? **............is a synonym of *Kaal* ?**

A) कर्म /Karma B) प्रमाण /Pramana C) परिणाम /Parinama D) युक्ति /Yukti

प्र.20. "...पुनराहारौषधद्रव्याणां योजना" किस प्रकार की चिकित्सा है ?

**What type of therapy is "...*Punarharaushadha dravyayana yojana*"?**

A) दैवव्यपाश्रय/ *Daivya-vyapashraya* B) युक्तिव्यपाश्रय / *Yukti-vyapashraya*

C) सत्वावजय / *Satwaawajaya* D) औषधव्यपाश्रय / *Aushad-vyapashraya*

**लघु उत्तरात्मक प्रशन (SHORT ANSWER QUESTION)**

**प्रश्न 21 से 28 के उत्तर 100 शब्दों में लिखें, सभी प्रशन 05-05 अंकों के है I**

**(Answer should not exceed 100 words of the following question. Each question carries 05 marks**

प्र.21. त्रय उपस्तम्भ एवं उनकी विशेषता संक्षिप्त में लिखिए। **Describe Traya Upastambha with significance in brief.**

प्र.22. चिकित्सा के चतुष्पाद गुण सहित लिखिए। **Write the four quadrants of *chikitsa* with their qualities?**

प्र.23. अष्टांग हृदय का शाब्दिक अर्थ एवं इसकी रचना का क्या कारण है ?

**What is the literally meaning of *Asthanghridaya* with the reasons for its creation?**

प्र.24. वेग किसे कहते है ? धारणीय एवं अधारणीय वेग कौन कौन से है ?

**What do you mean by Vega, what are *Dharniya* and *Adharniya* Vega?**

प्र.25. चरक मतानुसार षड पदार्थ के क्रम को लिखते हुए , सामान्य –विशेष को परिभाषित कर भेद लिखिए।

**Write the sequence of *Shadpadartha* according to *Charak*. Define *Samanya* and *Vishesha* with their types.**

प्र.26. प्रभाव भेद से द्रव्य कितने प्रकार के होते है? परिभाषा एवं उदाहरण सहित लिखिए।

**Write the definitions, types of *Dravya* based on *Prabhava* with examples.**

प्र.27. "..मन्दानां व्यवहाराय, बुधानां बुद्धिवृद्धये.." सन्दर्भ सहित स्पष्ट कीजिए।

**"..*Mandanam Vyavahayay, Budhanan Buddhivridhaye*.." Explain with reference?**

प्र.28. पञ्च-पंचक क्या है? स्पष्ट कीजिए। **Explain *Pancha – Panchaka*.**

**निबंधात्मक प्रशन (LONG ANSWER QUESTION)**

**प्रश्न 29 से 32 के उत्तर 300 शब्दों में लिखें, सभी प्रश्न 10-10 अंकों के है I**

**(Answer should not give exceed 300 words of the following question. Each question carries 10 marks.**

प्र.29. निम्नलिखित श्लोक की सन्दर्भ सहित भावार्थ लिखते हुए व्याख्या कीजिए। **Explain the verse with meaning & reference –**

"दोषगत्याऽतिरिच्यन्ते ग्राहिभेद्यादिभेदतः| *Doshagatyaatirechyante grahibhedyadibhedata :* |

उपक्रमा न ते द्वित्वाद्भिन्ना अपि गदा इव || *Upakrama na te dwitwaadbhinna api gada eva* ||

प्र.30. औषध सेवन के 10 कालों का रोगानुसार वर्णन कीजिए।

**Describe ten time periods of administration of medicine with disease conditions.**

प्र.31. ऋतुचर्या किसे कहते है? काल विभाग को लिखते हुए ग्रीष्म ऋतुचर्या का वर्णन कीजिए।

**What is meant by *Ritucharya*? Write the division of time and explain the summer seasonal regimen.**

प्र.32. रोग-आरोग्य के क्या कारण होते हैं? उदाहरण सहित विस्तार पूर्वक वर्णन कीजिए।

**What are the causes of diseases and health, explain in detail with appropriate examples.**